## हवलदार जितेंद्र सिंह का ड्यूटी के दौरान निधन

**सुलताना, (निसं)।** सेना सेवा कोर में कार्यरत हवलदार जितेंद्रसिंह शेखावत का कल ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। वे जिले के सुलताना कस्बे के रहने वाले थे और फिलहाल सेना सेवा कोर की यूनिट 27डीओयू में पूर्वोत्तर के सिक्किम में हाई एल्टीट्यूड एरिया में अपनी सेवाएं दे रहे थे। शहीद जितेंद्रसिंह शेखावत के भाई रविंद्रसिंह शेखावत ने बताया कि यूनिट की ओर से सुलताना थाने में उनके निधन की आधिकारिक सूचना भिजवाई गई थी।

जिसके बाद सुलताना थाने से शहीद के परिजनों को सूचित किया गया। रविंद्रसिंह शेखावत ने बताया कि परिवार को मिली सूचना के अनुसार सिक्किम में अपनी पोस्ट से अन्य पोस्ट पर एम्यूनिशन लेकर जाते वक्त गाड़ी में उनकी तबियत बिगड़ गई थी। जिसके बाद सुबह उनका निधन हो गया। जितेंद्रसिंह शेखावत 1998 में सेना सेवा कोर में भर्ती हुए थे। परिवार में धर्मपत्नी मनोज कंवर तथा एक बेटा व बेटी है। जितेंद्र सिंह 15 दिन की छुट्टी पर गांव आए थे और 15 दिन पहले ही ड्यूटी पर वापस गए थे।

# वोल्टेज बढ़ने से कई घरों में विद्युत उपकरण जले

**सादुलपुर, (निसं)।** बहल रेलवे फाटक के पास स्थित एक बंद मकान में शनिवार शाम को 6 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। मकान से धुआं निकलने के बाद लोगों में अफरा तफरी सी मच गई। तथा राजगढ थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तथा बंद मकान में लगी आग पर काबू पाया।

■ **एक बंद मकान में आग लग गई**

घटना में कांस्टेबल मनोज कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता नर्सिंग ऑफिसर अजय कुमार बौद्ध ने बहादुरी दिखाते हुए मकान की छत पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड के माध्यम से तथा खिड़की को तोड़कर मकान में पानी डाला। हालांकि नुकसान का पता नहीं चला है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि शाम को अचानक बिजली वोल्टेज बढ गए। इस कारण आसपास के घरों तथा स्वामियों की ढाणी में अनेकों मकानों में बिजली के उपकरण जल गए। एक बन्द मकान में आग लग गई। लोगों ने बताया कि बन्द मकान राघा छोटी निवासी स्व. मनवीर पूनिया की पत्नि स्व.उर्मिला पूनिया का है। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझडियां ने बताया कि मकान मालिक को सूचना दे दी गई है तथा आग पर भी नियंत्रण पा लिया गया है। आग के कारण घरेलू सामान जलने की जानकारी मिली है, लेकिन वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही पता चलेगा। समाचार लेकर जाने तक मामला भी दर्ज नहीं हुआ है।




पुलिस और फायर ब्रिगेड ने बंद मकान में लगी आग पर काबू पाया।

## दिनदहाड़े बाइक चोरी, मामला दर्ज

**सादुलपुर, (निसं)।** मिनी सचिवालय राजगढ में खडी मोटरसाइकिल को कोई अज्ञात व्यक्ति दिन दहाडे चोरी कर ले गया। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि एडवोकेट दीनदयाल स्वामी उम्र 47 साल निवासी वार्ड नंबर 07 ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि वह हमेशा की तरह सुबह 10.00क के लगभग अपने घर से मोटरसाइकिल को लेकर एसडीएम कोर्ट में आया तथा अपने कार्यों का निपटारा करने लगा। दोपहर 12.00 बजे लगभग जब घर आने के लिए अपने मोटरसाइकिल को संभाला तो उसकी मोटरसाइकिल गायब मिली। आसपास खोजबीन की तथा अन्य लोगों से पूछताछ भी की लेकिन उसकी मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चला।दर्ज मामले में बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटरसाइकिल का लॉक तोडकर चोरी कर ले गया। राजगढ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जाच शुरू कर दी हैं।

### सार-समाचार

## जल महोत्सव मनाया



**पाटन, (निसं)।** ग्राम पंचायत द्वारा राज राजेश्वरी के जोहड़ पर जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पाटन सरपंच मनोज चौधरी ने भगवान इंद्र को नमन करते हुए जल की पूजा अर्चना की, तथा बताया कि भगवान इंद्र की मेहरबानी से छोटे बड़े सभी जलाशय पानी से भर गए हैं, तथा जल का स्तर भी बढ गया है। चौधरी ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, जल व्यर्थ ना बहाने, पर्यावरण को बचाने का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी गोपाल शर्मा, वार्ड पंच इमरान खान तथा स्कूल की छात्र उपस्थिति रही।

## 34 पदक व 5 ट्रॉफी जीती

**डूंडलोद, (निसं)।** हेतमसर में स्थित शेखावाटी पब्लिक स्कूल में आयोजित 68वीं जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद, टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद के खिलाड़ियों ने एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए ऑवरआल चैंपियनशिप फिर से अपने नाम की। विद्यालय के 11 खिलाड़ी राज्य स्तर पर झुंझुनूं जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। 19 आयु वर्ग के तहत 15 खिलाड़ी लवजीत, प्रेम प्रकाश, आदित्य, प्रफुल्ल, भावेश, आयुषी सूरा, मुस्कान जोशी, प्रांजल झुरिया, वर्णिका जाखड़, मीत कटारिया, दीपिका मीणा, सोनम, सिमरन सैनी, प्रियांशी मील और प्रिंसी ने स्वर्ण पदक और 17 आयु वर्ग के तहत अंशु, वंशिका, लविश्का, रिया और यर्थाथ जोशी, निमेश, मानवेंद्र, कार्तिक देवड़ा और कुशाल ने रजत पदक हासिल किए। व्यक्तिगत स्पर्धा के अन्तर्गत छात्रों ने तीन गोल्ड व दो सिल्वर पदक अपने नाम किए। वहीं बैडमिंटन प्रतियोगिता में 19 आयु वर्ग में 5 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। ओवरऑल चैंपियनशिप डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद विजेता रही। वहीं 19 आयु वर्ग के छात्र टेबिल टेनिस में प्रथम, छात्राएं द्वितीय एवं 17 आयु वर्ग छात्राएं प्रथम स्थान पर रही।

## 20 खिलाड़ी राज्य स्तर पर चयनित

**रतनगढ़, (निसं)।** 68वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में श्रीगांधी बाल निकेतन के खिलाड़ियों ने 8 प्रतियोगिताओं में विजेता का ख़िताब जीता। प्रतियोगिता में शामिल 20 खिलाडी प्रियांशी गहलोत, जिया उपाध्याय, विवेक इन्दोरिया, पियूष रावत, स्पर्श गहलोत, प्रशांत, खुशाल जांगिड़, राघव शर्मा, भास्कर स्वामी, भविष्य शर्मा, गौरव शर्मा, राघव कंदोई, निकिता बारवाल, रिया प्रजापत, सृष्टि शर्मा, गुंजन प्रजापत, गुंजन जांगिड़, चारवी बारवाल, मानसी प्रजापत एवं दिव्या स्वामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए हैं। शनिवार को खिलाडियों के विद्यालय पहुंचने पर माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया। खेल प्रशिक्षक राजेश गहलोत ने बताया कि प्रियांशी गहलोत व विवेक इन्दोरिया (टेबल टेनिस), राघव शर्मा (बैडमिंटन) जिले के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी तथा प्रशांत व वृतिका जिले के श्रेष्ठ खिलाडी के रूप में चुने गए। टेबल टेनिस टीम के 5 खिलाडियों, बैडमिंटन टीम के 4 खिलाड़ियों तथा ताइक्वांडो टीम के 11 खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ है।

## जिला क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव संपन्न

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी, (निसं)।** फतेहपुर में संपन्न सीकर जिला क्रिकेट संघ के चुनाव में लक्ष्मणगढ़ के मनोज शर्माजिला कार्यकारिणी सदस्य के पद पर निर्वाचित हुए इससे पहले 10 सितंबर को नॉमिनेशन फॉर्म दाखिल किया गया था आज घोषित परिणामों में श्री कृष्ण निमावत अध्यक्ष, सुभाष जोशी सचिव, आशीष तिवाडी निर्विरोध कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए लक्ष्मणगढ़ से मनोज शर्मा के निर्वाचित होने पर क्रिकेट प्रेमियों व शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की वह उनको बधाई दी इससे पहले श्री मनोज शर्मा लक्ष्मणगढ़ शहर भाजपा के अध्यक्ष व लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका के पार्षद भी रह चुके हैं शर्मा के जिला कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित होने पर जिले में क्रिकेट को एक नई ऊंचाई मिलेगी।

## पुस्तकालय में मनाया हिंदी दिवस

**चूरू, (निसं)।** श्री सागर जैन राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय में शनिवार को हिंदी दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राधेश्याम कस्वां ने की। पुस्तकालय प्रभारी रविंद्र कुमार गोस्वामी ने बताया कि पुस्तकालय में हिंदी साहित्य की पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। पाठकों को हिंदी भाषा के बारे में जागृत किया गया। इस अवसर पर नरोत्तम लाल जांगिड़, अजीत ओझा, किशोर सैनी व प्रमिला शर्मा आदि उपस्थित थे।

## ठाकुर जी का डोला निकला

**पाटन, (निसं)।** जलझूलनी एकादशी पर भगवान सत्यनारायण जी के मंदिर एवं गोपाल जी के बड़े मंदिर से सांय चार बजे भगवान का डोला निकाल कर भगवान विष्णु को कस्बे की यात्रा करवाई गई । गोपाल जी के बड़े मंदिर से भगवान का निकला डोला बाजार से बस स्टैंड पर होता हुआ डाबला रोड के जोहडे में पहुंचा वहीं भगवान सत्यनारायण जी के मंदिर से निकला डोला शहीद कल्याण सिंह चौक होते हुए जोहडे में पहुंचा जहां भगवान के पोतडे धोकर वापस मंदिर में ले जाया गया। मंदिर पुजारी पंडित काशी नाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि एकादशी के दिन मान्यतानुसार भगवान विष्णु का पूजन किया जाता है। माना जाता है कि भगवान विष्णु की पूरे मनोभाव से पूजा-आराधना की जाए तो भगवान जीवन में खुशहाली का वरदान देते हैं और सभी कष्टों का निवारण कर देते हैं। हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर परिवर्तिनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। इसे जलझूलनी एकादशी भी कहते हैं। महिलाओं और पुरुषों ने भगवान को फल अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया।

# अग्रसेन जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

**झुंझुनूं, (निसं)।** अग्रसेन जयंती महोत्सव पर 29 सितंबर से 3 अक्टूबर तक जिला मुख्यालय पर अग्रवाल समाज समिति की ओर से कई कार्यक्रम होंगे। अध्यक्ष संपत चुड़ैलेवाला ने बताया कि 29 सितंबर को सुबह नौ बजे अग्र ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ जयंती महोत्सव 2024 का शुभारंभ होगा।

उन्होंने बताया कि पहले दिन 29 सितंबर को दिलीप हंसासरिया के सहयोग से अंकित पोद्दार व रितेश सिंघानिया के संयोजन में झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी में सुबह 10 बजे से क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। जिसमें अग्रवाल समाज के 21 वर्ष या फिर इससे अधिक उम्र के युवा हिस्सा ले सकेंगे। वहीं अगले दिन 30 सितंबर को झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी में ही आकाश मोदी व विकास तुलस्यान के संयोजन में तथा डॉ. दिलीप मोदी के सौजन्य से बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी। यह प्रतियोगिता 30 सितंबर तथा एक अक्टूबर, दो दिन होगी। इसी दिन में 30 सितंबर सोमवार को महिलाओं के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला ने बताया कि 30 सितंबर सोमवार दोपहर 2 से 5 बजे तक बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में गणगौर बनाना (ईसर, गौरा) का आयोजन सपना राणासरिया व संगीता गुप्ता के संयोजन में प्रायोजक केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान परिवार फर्म घनश्याम दास हनुमान बक्स के सौजन्य से, रूई की बत्ती बनाना (फूल बत्ती, तीन तार बत्ती, लम्बी बत्ती) प्रतियोगिता का आयोजन निर्मला ढंढारिया एवं डॉ. सपना अग्रवाल के संयोजन में प्रायोजक धीरज कुमार राजेश कुमार बिसाऊवाला के सौजन्य से, फुल गैदरिंग गेम्स का आयोजन एडवोकेट उषा केडिया व सरिता सिंघानिया के संयोजन में प्रायोजक श्रीमती तारामणि सत्यनारायण हलवाई परिवार के सौजन्य से किया जाएगा। इसी क्रम में एक अक्टूबर मंगलवार दोपहर 2 से 5 बजे तक बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में साड़ी पैकिंग डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

## गंदे पानी की सफाई करने की मांग

**चूरू, (निसं)।** शहर के वार्ड नंबर 34 में गंदे पानी की डिग्गी की सफाई नियमित नहीं होने को लेकर शनिवार को स्थानीय लोगों ने नगर परिषद के खिलाफ विरोध जताया, आलम यह था कि डिग्गी में कचरा जमा होने के कारण गली सहित मोहल्ले का गंदा पानी सड़क पर जमा था। जिस स्कूल जाने वाले बच्चों को भी अच्छी खासी परेशानी हुई।

वार्ड के बुजुर्ग बुधमल गुर्जर ने बताया कि यहां से हजारों की तादाद में प्रतिदिन लोगों का आवागमन होता है और यह गांधी कॉलोनी सहित शहर के विभिन्न वार्डों के लिए प्रमुख सड़क है। ठेकेदार के द्वारा यहां पर डिग्गी से पानी निकालने के लिए ट्रैक्टर पम्प सेट लगाया हुआ है, लेकिन उसको काम में नहीं लेने से गंदा पानी अब आम रास्ते पर जमा है। दूसरी और दबी जुबान में कुछ लोगों ने कहा कि नगर परिषद का पूरा फोकस इस समय सिर्फ अतिक्रमण अभियान की तरफ है, शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर परिषद संजीदा दिखाई नहीं दे रहा। बुधमल गुर्जर ने वार्ड पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए समस्या के समाधान की मांग की है।

# 53 लाख की चोरी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**झुंझुनूं, (निसं)।** सदर थाना इलाके में हुई 53 लाख रूपए की चोरी के मामले में मास्टर माइंड और मुख्य आरोपी आदतन चोर विकास जांगिड़ को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। हरियाणा, यूपी, राजस्थान और दिल्ली चार राज्यों में दबिशें देकर आखिरकार मंडावा निवासी विकास जांगिड़ को डीएसटी टीम के कांस्टेबल अमित मोटसरा और सुरेंद्र काजला ने अशोक नगर दिल्ली में ढूंढ निकाला और टीम बुलाकर उसे दबोच लिया। बताया जा रहा है कि विकास जांगिड़ अपनी गर्लफ्रेंड और उसकी बहन के साथ फरारी काट रहा था। चोरी के पैसों से उसने गर्लफ्रेंड को महंगे गिफ्ट दिलाए और 1 लाख 90 हजार का एक ई रिक्शा खरीदकर उसे जयपुर में किराए पर लगा दिया। वहीं अपने डीजे के लिए भी सामान खरीदा। पुलिस को विकास जांगिड़ के पास से साढ़े चार लाख रूपए भी बरामद हुए हैं। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि इस मामले में पहले दो महिलाओं समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार और एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया जा चुका है।

चोरी का पूरा प्लान बनाने वाला विकास जांगिड़ भी गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द होगी। एसपी ने बताया कि इस मामले में चोरी किए गए 53 लाख रूपए में से पुलिस ने अब तक 31 लाख 91 रूपए नगद और सामान बरामद कर लिया है। आपको बता दें कि विकास जांगिड़ आदतन चोर और बदमाश है। जिस पर मुकुंदगढ़, कोतवाली और मंडावा थाने में पांच मामले दर्ज है।



पुलिस ने चोरी के मास्टर माइंड विकास जांगिड़ को दिल्ली से गिरफ्तार किया।

# सैनी समाज आज टिकट के लिए करेगा दावेदारी

**झुंझुनूं, (निसं)।** विधानसभा उप चुनावों को लेकर सैनी समाज को टिकट देने की मांग को लेकर रविवार को सैनी समाज हुंकार भरेगा। इसके लिए सैनी समाज राजनैतिक चिंतन सभा का आयोजन रविवार सुबह 10 बजे एनएमटी कॉलेज के सामने कैलाश केसरी हॉस्पिटल के पास होगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

वहीं झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के गांवों, ढाणियों और कस्बों से सैनी समाज के लोग बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्साहित है। सभा के संयोजक डॉ. कमलचंद सैनी ने बताया कि सैनी समाज की यह राजनीतिक चिंतन सभा झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव की दृष्टि से बड़ी महत्वपूर्ण है। समाज के सभी संगठनों के प्रतिनिधि इस सभा में शामिल होंगे एवं सभा के माध्यम से दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों कांग्रेस और भाजपा से

■ **सैनी समाज की राजनैतिक चिंतन सभा की तैयारियां पूरी**

समाज की मांग रहेगी कि वह इस बार उपचुनाव में सैनी समाज के व्यक्ति को टिकट दें। उदयपुरवाटी विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार सैनी समाज ने एकजुट होकर समाज के राजनीतिक उत्थान के लिए प्रतिबद्धता दिखाई। इस प्रकार एक बार फिर सैनी समाज विधानसभा उप चुनाव में एकजुट होकर राजनीतिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इधर, शनिवार को सभा स्थल पर आयोजन से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने तैयारियों का जायजा लिया। जिसमें डॉ. सैनी के अलावा शीशराम राजोरिया, जगदीशप्रसाद सैनी, रामावतार खडोलिया, रणधीर सैनी, मनोहर धूपिया, व्याख्याता दलीप सैनी ,राजेश सैनी, राजकुमार सैनी, पवन सिंगोदिया, सूर्यनारायण सैनी, श्रवण सैनी, पवन कटारिया, लक्की सैनी, अशोक हलकारा, इंद्र सैनी व मनोज सैनी आदि प्रमुख रहे। आयोजन समिति के संतोष सैनी ने बताया कि इस सभा में झुंझुनूं विधानसभा की हर ढाणी गांव से समाज बंधु शामिल होंगे। जिसके लिए टीमों ने बीते दिनों में सुलताना, इस्लामपुर, माखर, रतनशहर, अशोक नगर, नीम वाली ढाणी, कायस्थपुरा, झीला की ढाणी, आशा की ढाणी, रेखा वाली ढ़ाणी, जीवा वाली ढाणी, नीमड़ी वाली ढ़ाणी, टीबड़ा वाली ढाणी, पकौड़ी की ढाणी, कालेरी ढाणी, खातियों की ढाणी, काली पहाड़ी बास, जीसुख का बास, आदर्श नगर, दोरासर, बगड़ नगर पालिका एवं झुंझुनूं नगर परिषद क्षेत्र के अलावा पूरे क्षेत्र में समाजबंधुओं से संपर्क कर इस राजनीतिक चिंतन सभा में शामिल होने की अपील की है।

## कृषि विज्ञान पर कार्यशाला हुई

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में कृषि विज्ञान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। संस्थान चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने बताया कि इस अवसर पर सीबीएसई के उपसचिव सतीश पहल व अंजली विशेष अतिथि रहे। इस मौके पर हिसार स्थित कृषि विश्वविद्यालय से पधारे डॉ. राकेश शेहरावत व डॉ. अंजू कुमारी ने व्याख्यान दिया। इस संबंध में कृषि विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण पर पधारे हुए अतिथियों द्वारा अपने विचार साझा किए गए। प्रिंस स्कूल के निर्देशन में कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें उत्तर भारत के लगभग 25 प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था। जिसमें कृषि विज्ञान के महत्व व उसे कैसे बढावा दिया जाए के विषय में बताया गया। कृषि विज्ञान के भविष्य में बढ़ती उपयोगिता व इससे जुड़े अन्य विषयों के बढ़ते दायरे के ऊपर विचार-विमर्श किए गए।

# हिन्दी दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**झुंझुनूं, (निसं)।** भाषा किसी भी देश की उन्नित का आधार होती है। जिस देश की भाषा जितनी सुदृढ़ होगी। वह देश उतना ही विकसित होगा। भाषा संस्कार व संस्कृति की जननी होती है। हिंदी हमारी राज भाषा है। इसे हम प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं। इसी उपलक्ष्य में शनिवार को हिंदी दिवस पूर्ण मनोयोग एवं हर्षोल्लास से झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई में मनाया गया।

इसकी पूर्व तैयारियां दो सप्ताह पहले ही प्रारंभ कर दी गई थी। सभी विद्यार्थियों ने हिंदी साहित्य पर आधारित शानदार रचनाएं बनाई। जिनमें दोहे, पद, छंद, सोरठे, सवैया, चौपाइयां, साहित्यकारों की जीवनी, कविताएं, गीत, श्लोक, हिंदी साहित्य का इतिहास, भाषा ज्ञान, सुलेख, श्रुतिलेख, वाचन, गीता व रामायण के धार्मिक प्रसंग इत्यादि विषय शामिल किए गए। सभी ने इन रचनाओं की खूब सराहना की। भाषा हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग होती है। स्कूल में इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में भाषा के प्रति लगाव व सम्मान बढ़ता है। इसके पश्चात हिंदी भाषा से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें सभी ने पूर्ण उत्साह से भाग लिया एवं हिंदी भाषा से संबंधित सभी प्रश्नों के उत्तर सहज भाव से दिए। कार्यक्रम के अगले चरण में 'सोशल मीडिया एवं मोबाइल का बढ़ता प्रचलन समाज हित में है' विषय पर अंतरसदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में नेप्च्यून हाउस प्रथम, मर्करी हाउस द्वितीय, वीनस हाउस तृतीय स्थान पर रहा। छात्रा अर्पिता शर्मा ने पक्ष में व जयश्री ने विपक्ष में शानदार प्रदर्शन कर नेप्च्यून हाउस को प्रथम स्थान पर पहुंचाया। व्यक्तिगत रूप से शानदार अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन कर छात्रा अर्पिता शर्मा ने प्रथम, लावण्या ने द्वितीय तथा अर्पिता वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा इन्हें ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया।

# खेतड़ी में उप जिला अस्पताल के लिए शिलान्यास किया

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी के लूणा की ढ़ाणी में शनिवार को उप जिला अस्पताल के भवन का शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजेश शाह थे, जबकि अध्यक्षता पालिका चेयरमैन गीता सैनी ने की।

■ **38 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा नया भवन**

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर भवन की नींव रखी। कार्यक्रम में विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि खेतड़ी में चिकित्सा की बेहतर सुविधा उपलब्ध नहीं होने से यहां के लोगों को उपचार के लिए नीमकाथाना, झुंझुनूं सहित अन्य स्थानों पर जाना पड़ रहा है। जिस पर सरकार की ओर से सीएचसी को क्रमौन्नत कर उप जिला अस्पताल बनाया गया है। उप जिला अस्पताल के भवन के लिए सरकार की ओर से 38 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है।

उप जिला अस्पताल के भवन का निर्माण होने के बाद बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि खेतड़ी को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए पन्ना शाह तालाब से भोपालगढ़ किले तक रोपवे बनाकर अलग पहचान दी जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भिजवाया गया है। इसके अलावा क्षेत्र में दस उपस्वास्थ्य केंद्र बनाने, जसरापुर पीएचसी को सीएचसी में क्रमौन्नत करवाने, लूणा की ढाणी को पेयजल की समस्या से देखते हुए अमृत जल योजना में शामिल करने की बात कही। खेतड़ी में पूर्व में कांग्रेस की सरकार की ओर से ट्रोमा सेंटर बनाने की घोषणा की थी जो आजतक नहीं बन पाया। भाजपा सरकार में खेतड़ी क्षेत्र के लिए जल्द ही ट्रोमा सेंटर का निर्माण करवाया जाएगा। इस दौरान चिकित्सा विभाग के अधिकारियों व लूणा की ढ़ाणी के ग्रामीणों की ओर से विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक हजारीलाल गुर्जर, सुभाष तातीजा, हरिराम गुर्जर, बबलू अवाना, प्रभू राजोता, डॉ. महेंद्र सैनी, डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, डॉ. सुनील चौहान, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. दीपक जोशी, डॉ. संत कुमार, नर्सिंग ऑफिसर जगदीश सिंह, दीपेंद्र सैनी, सहीराम वर्मा, दयाकौर, अशोक दोचानिया, बलवीर भालोठिया, रजत शर्मा, दीपक राणा, अमित जांगिड़, सुरेंद्र गुर्जर, जितेंद्र सिंह, सज्जन बजाड़, संदीप कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।



उप जिला अस्पताल के भवन का शिलान्यास विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर ने किया।

## ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**पाटन, (निसं)।** कस्बे के कोटपूतली रोड़ पर नहर बस स्टैंड के समीप शनिवार को एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। लोगों ने बताया कि हादसा इतना भयानक था कि ट्रेलर बाइक सवार के पैरों को कुचलता हुआ निकल गया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक ट्रेलर को छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार पाटन क्षेत्र के ग्राम न्योराणा निवासी अमर सिंह मीणा अपनी बाइक से पाटन की तरफ आ रहा था, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने नहर बस स्टैंड के समीप बाइक को टक्कर मार दी, जिससे ट्रेलर का पहिया अमर सिंह के पैरों के ऊपर से निकल गया। हादसे में अमर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। गंभीर रूप से घायल हुए अमर सिंह को एंबुलेंस की सहायता से कोटपूतली के बीडीएम अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमर सिंह रंग पेंट का काम कर अपने परिवार का भरण- पोषण करता था, जिसके एक लड़का और एक लड़की है। अमरसिंह की अकाल मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# अमित हत्या मामले में थाने पर प्रदर्शन की चेतावनी

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के सूरजगढ़ थाना इलाके के महपालवास गांव में अंकित उर्फ अमित की हत्या के मामले में 15 सितंबर से धरने और प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है। मामले में शेष आरोपियों को गिरफ्तार करने, पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने तथा सहायता देने की मांग को लेकर जाट समाज की ओर से अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी गई है।

वहीं करणी सेना भी इस मामले में कूद गई है। मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी रिंकू सिंह पर पुलिस द्वारा की गई फायरिंग मामले में दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर करणी सेना भी सर्व समाज को साथ लेकर 15 सितंबर को सूरजगढ़ थाने पर प्रदर्शन करेगा।

इस मामले को लेकर शार्दुल छात्रावास में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें राजस्थान राज्य बुनकर संघ के पूर्व चेयरमैन राधेश्याम तंवर, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय संयोजक अजीत सिंह मामडोली समेत अन्य ने हिस्सा लिया। जिन्होंने कहा कि प्लान के तहत रिंकू सिंह पर जिस तरह पुलिस ने झूठी कहानी बनाकर फायरिंग की है। इसकी ना केवल जांच होनी चाहिए।

■ **जाट समाज की शेष आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग**

■ **करणी सेना की गिरफ्तार मुख्य आरोपी रिंकू सिंह पर फायरिंग मामले में दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग**

बल्कि आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। दोनों पक्षों की चेतावनी के बाद एसपी शरद चौधरी ने मामले को लेकर मोर्चा संभाल लिया है। एसपी शरद चौधरी सूरजगढ़ थाने पहुंचे। जिन्होंने चिड़ावा डीएसपी विकास धींधवाल की मौजूदगी में पुलिस अधिकारियों से बातचीत की। बताया जा रहा है कि उन्होंने महपालवास मामले में शेष आरोपियों की गिरफ्तारी और अब तक की हुई जांच को लेकर भी चर्चा की बताई। इस मामले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी शरद चौधरी ने कहा कि न्याय के साथ कोई समझौता नहीं होगा। लोकतंत्र में व्यक्ति से लेकर समुदाय तक, सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। उनके ही नहीं, उनके उच्चाधिकारियों के दरवाजे भी खुले हैं। उन्हें विश्वास है कि शेखावाटी के लोग पढे, लिखे और समझदार हैं। ऐसे में किसी प्रकार के तनाव की स्थिति पैदा नहीं होगी। उन्होंने बताया कि मामले में अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी टीमें लगी हुई है। उन्होंने दो आरोपियों पर 20-20 हजार रूपए का ईनाम भी घोषित कर दिया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वे सिर्फ इस मामले में ही नहीं, बल्कि सभी मामलों को लेकर झुंझुनूं पुलिस की तरफ से झुंझुनूं के लोगों को आश्वस्त करना चाहते है कि पुलिस वो ही करेगी। जो सही होगा और न्यायपूर्वक होगा। लोकतंत्र की मर्यादा, नियम, कायदे, कानून में रहते हुए सभी की बातें सुनीं जाएगी। इधर, उन्होंने बताया यह भी बताया कि एक आरोपी के पैर में लगी गोली मामले में आरोपी युवक की मां उनसे मिली थी। इस मामले की अलग से जांच चिड़ावा डीएसपी को सौंपी गई है।